


नवभारत 03

इंदौर, शनिवार, 19 जुलाई, 2025


## एक नजर में

### दहेज न लाने पर महिला को गर्म तवे से जलाया

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दहेज की मांग पूरी न होने पर हैवानियत भरा व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि पति, सास और ससुर ने उसे लंबे समय से प्रताड़ित किया और हाल ही में गर्म तवे से उसका पैर जला दिया. पुलिस ने पीड़िता माहे नूर खान निवासी आजाद मार्ग की शिकायत पर उसके पति तारिक खान, ससुर नासिर खान और सास अख्तर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पीड़िता ने बताया कि विवाह के बाद से ही उस पर दहेज लाने का दबाव बनाया जा रहा था, और 1 मार्च 2024 से यह प्रताड़ना और बढ़ गई थी. पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि ससुराल पक्ष ने बार-बार गाली-गलौज और मारपीट की. हाल ही में जब महिला ने दहेज की मांग पूरी नहीं की, तो आरोपीगणों ने उसके दाहिने पैर पर गर्म तवा रखकर उसे बुरी तरह से जला दिया, इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकालने की कोशिश भी की गई. घटना की जानकारी मिलते ही देपालपुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और बयान भी लिए जा रहे हैं. इस मामले ने एक बार फिर दहेज के दानव की भयावहता को उजागर किया है, जहां सामाजिक कुरीति के चलते महिलाएं आज भी शारीरिक और मानसिक शोषण का शिकार हो रही हैं. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

### दुकान में घाटा हुआ तो दोस्त ने की मारपीट

इंदौर. व्यापार में हुए घाटे ने दो दोस्तों के रिश्ते को इस कदर बिगाड़ दिया कि एक ने दूसरे की पिटाई कर दी. मामला जूनी इंदौर थाना क्षेत्र का है, जहां दो युवकों ने साथ मिलकर चाय-नाश्ते की दुकान शुरू की थी. कारोबार में नुकसान होने के बाद दोनों में कहासुनी हुई, जो मारपीट तक पहुंच गई. फरियादी प्रांजल वानखेड़े निवासी जबरन कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके दोस्त रितिक वर्मा ने उसे गालियां दी और फिर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी. दोनों ने कुछ समय पहले सरवटे इलाके में चाय-नाश्ते की दुकान शुरू की थी, लेकिन कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं चला. बताया गया है कि घाटे की बात को लेकर मंगलवार शाम रितिक वर्मा फरियादी के घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और धमकियां भी दीं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद से इलाके में चर्चा है कि साझेदारी में व्यापार शुरू करने से पहले विश्वास और समझदारी का होना कितना जरूरी है, वरना नुकसान के साथ-साथ रिश्ते भी टूट सकते हैं.

### आदिवासियों को स्वास्थ के प्रतिक्रिया जागरूक




महू. तहसील के यूवाओ का दल इन दिनों आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रहवासियों को स्वास्थ के प्रति जागरूक कर रहा है. यह दल आदिवासी क्षेत्रों में शिविर लगा कर विभिन्न रोगों से कैसे बचाओ करें इसकी जानकारी दे रहे है. आरोग्य संगम फाउंडेशन, महू द्वारा आडदिवासी क्षेत्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर, झीरी में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया. जिसमें 100 से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ की जांच की गई। शिविर में अभय परीमति डिवाइस से केवल 60 सेकंड में विटल की जांच की गई।साथ ही, ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता, प्रारंभिक पहचान व नियमित जांच के महत्व पर काउंसलिंग दी गई और केंद्रित समूह चर्चा भी की गई. यह आयोजन संस्था के 'तरंग' युवा कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें युवाओं को जनस्वास्थ्य तंत्र का वास्तविक अनुभव मिला. शिविर सी एच ओ सिंह भाटी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ. आयोजन में अभिषेक माजदे, तरुण भिड़े, यश दाधीच व समर्पित टीम की प्रमुख भूमिका रही. संस्था द्वारा लंबे समय से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर लगा कर आदिवासियों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है. संस्था ने अभिषेक मजदे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर अति आवश्यक हो गए है, क्योंकि वहां के रहवासी जी तोड़ मेहनत तो करते हैं लेकिन स्वास्थ के प्रति आज भी लापरवाह हैं. साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाले सुविधाओं व योजनाओं के पूरी जानकारी नहीं है जिस कारण वे लाभ नहीं ले पा रहे हैं. अभिषेक के अनुसार आदिवासी क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर लगातार लगाएं.

### महू में हरियाली तीज महोत्सव 25 को

महू. सावन की रिमझिम फुहारों के साथ महू की फिजाओं में हरियाली तीज की रंगत घुलने लगी है।इसी श्रृंखला में वैश्य महासम्मेलन महू महिला इकाई, युवती इकाई संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं के लिए हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन 25 जुलाई 2025 शुक्रवार को किया जा रहा है. यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक महू स्थित लोधी धर्मशाला में आयोजित होगा।आयोजन में हिस्सा लेने हेतु रुपए 100 की नाममात्र एंट्री फीस रखी गई है तथा प्रतिभागी महिलाओं के लिए हरा रंग ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।कार्यक्रम मैं की मुख्य रूप से नि:शुल्क मेहंदी सेवा (पहले आओ, पहले पाओ आधार पर) तंबोल ढेर सारे पुरस्कारों के साथ लकी ड्रा किस्मत आज़माइए स्वादिष्ट फलाहारी व्यंजन के साथ गर्मागरम चाय का आनंद लिया जा सकता है. इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सावन की उमंग और पारंपरिक तीज उत्सव का आनंद दिलाना है। कार्यक्रम की आयोजन टीम में पूजा खंडेलवाल, अंजना बाहेती, सपना अग्रवाल, उमा गोयल, स्वाति विजयवर्गीय एवं प्रीति खंडेलवाल सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### दिव्यांग बच्चों को सिखाई राखी बनाना



महू. संवेदना स्पेशल स्कूल महू के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों ने राखियां बनाना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ महू के डिस्ट्रिक्ट चेयर कैल्सटर शैलेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला सचिव आशीष जैन उपस्थित थे. क्लब ऑफ महू ने बच्चों को राखियां बनाने के लिए सामग्रियां उपलब्ध करवाई. साथ ही बच्चों को राखियां बनाना सिखाई गई, जिसमे कुमकुम ब्यूटी पार्लर ग्रुप एकेडमी की प्रियंका कुसुमले, शिवानी दावरे, ईशिता सेमर, पूनम पवार एवं उनकी हेड मनीष इन सभी ने बच्चों को 3 घंटे तक राखियां बनाना सिखाये और जब तक राखियां पूरी नहीं बन जाती तब तक यह ग्रुप बच्चों के साथ राखियां बनाने रोज आएगा. यह बच्चे जो राखियां तैयार कर रहे हैं इन्हें बच्चे राखी के पहले अपने स्कूल में राखी का त्यौहार मना कर अपने अतिथियों को बाधेंगे. कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा संचालिका निशा धीरज शर्मा ने बनाई. संचालन भी निशा धीरज शर्मा ने किया.

## गांजा तस्करी में किसान भी हुए शामिल, इंदौर में लगातार बढ़ रही सप्लाई

- धार, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ से आ रहा नशे का ज़हर
- खेतों में उगाकर शहर भेज रहे माल




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नशे का नेटवर्क दिनोंदिन विस्तार ले रहा है और अब चौंकाने वाला पहलू यह सामने आया है कि गांजे की तस्करी में किसान भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. पुलिस की कार्रवाई में खुलासा हुआ है कि धार, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, देवास और उज्जैन के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ किसान अपने खेतों में गांजा उगा रहे हैं और उसे इंदौर में सप्लाई कर रहे हैं.**

बीते कुछ महीनों में इंदौर पुलिस ने ऐसे दर्जनों मामले पकड़े हैं, जिनमें आरोपी सीधे खेतों से गांजा लेकर शहर पहुंचे थे. पिछले सराफा पुलिस ने धामनोद निवासी राजेंद्र ओसारी और महेश्वर निवासी पंकज को गिरफ्तार किया. दोनों स्कूटी पर 11 किलो गांजा लेकर शहर में सप्लाई के इरादे से आए थे. जांच में सामने आया कि दोनों किसान हैं और खेतों में ही गांजे की फसल उगा रहे थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांजा की खेती से कम समय में बड़ा मुनाफा होने के चलते कुछ किसान लालच में आकर तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़ रहे हैं. पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई और नाम सामने आ रहे हैं, जिनके खिलाफ जल्द कार्रवाई हो सकती है. शहर में केवल स्थानीय गांजा ही नहीं, बल्कि ओडिशा से आने वाले 'काले गांजे' की भी भारी मांग है. कुछ दिन पहले ग्रामीण पुलिस ने एक एंबुलेंस से लाखों रुपए का गांजा बरामद कर तमिलनाडु के दो तस्करों को पकड़ा था. यह गांजा नक्सली इलाकों में उगाया जाता है और कंटेनरों के जरिए देशभर में सप्लाई किया जाता है. एंबुलेंस की आड़ में की जा रही तस्करी के दौरान एक प्रमुख तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था. इससे पहले नारकोटिक्स विंग और डीआरआई भी बड़ी मात्रा में गांजे से भरे ट्रक और कंटेनर जब्त कर चुकी है. इंदौर अब गांजा तस्करों के लिए एक बड़े ट्रांजिट हब के रूप में सामने आ रहा है, जिससे जुड़े नेटवर्क को तोडना पुलिस और नारकोटिक्स एजेंसियों के लिए चुनौती बनता जा रहा है.

### लगातार कार्रवाई कर रही पुलिस

मामले में नारकोटिक्स डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा का कहना है कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, यहीं कारण हैं कि हर दूसरे दिन कोई न कोई नशे का सौदागर गिरफ्तार हो रहा है. नशे के खिलाफ सिर्फ नारकोटिक्स ही नहीं शहर की पुलिस और क्राइम ब्रांच भी लगातार आरोपियों की धरपकड़ कर रही है.

## तेज रफ्तार बस ने परीक्षा देने जा रहे छात्र को मारी टक्कर, मौत

### खुड़ैल थाना क्षेत्र में हुआ हादसा




नव भारत न्यूज


**इंदौर. शहर के खुड़ैल थाना क्षेत्र में सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहे युवक की जान चली गई. युवक को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**

हादसा खुड़ैल के आठ मील इलाके में हुआ. सोमगुड़ाडिया गांव का रहने वाला गौरव तंवर पिता लाड़ सिंह तंवर सुबह बाइक से गुजराती कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गौरव उछलकर सड़क पर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट आई. खून अधिक बह जाने से उसकी हालत मौके पर ही नाजुक हो गई. राहगीरों ने तत्काल उसे पास के अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि गौरव कॉलेज की परीक्षा में शामिल होने जा रहा था और बेहद मेहनती छात्र था. सूचना पर पहुंची खुड़ैल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है. खुलैड थाना प्रभारी कन्हैई सिंह कुशवाह का कहना है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर कार्रवाई में कर रही है.

## ऊपरी बर्थ पर रखे बैग काटकर उड़ाते थे जेवर-नकदी

- ट्रेन यात्रियों के दुश्मन बने चोर गैंग का भंडाफोड़
- यूपी के दो शातिर चढ़े जीआरपी के हत्थे
- इंदौर-ब्यावरा रूट पर कर रहे थे वारदात







नव भारत न्यूज

इंदौर. ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के ऊपरी सीटों पर रखे बैगों को काटकर जेवर और नकदी चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जीआरपी पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से हजारों रुपए नकद और लाखों के आभूषण बरामद कर लिए हैं. ये आरोपी ट्रेन में आम यात्रियों की तरह सफर करते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और अगला स्टेशन आते ही फरार हो जाते थे. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है. घटना 22 फरवरी को घटित हुई थी, जब फरियादी अपने परिवार के साथ कोटा-इंदौर ट्रेन के जनरल कोच में कुम्भराज से इंदौर की यात्रा कर रहा था. ब्यावरा स्टेशन के आसपास किसी ने ऊपर रखे बैग को ब्लेड से काटकर लेडीज़ पर्स पार कर लिया. उसमें 8,000 की सोने की 'हाय' चूड़ी और 12,000 नगद थे. इसी तरह दूसरी वारदात 4 मई की है. एक महिला यात्री ट्रेन बीना-नागदा पैसेंजर से राधौगढ़ से ब्यावरा की यात्रा कर रही थी. उसके ट्रॉली बैग से एक छोटा लेडीज पर्स चोरी हुआ, जिसमें करीब 91,000 के सोने-चांदी के जेवर रखे थे. चोरी की वारदातें बढ़ती देख पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी व उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जीआरपी ब्यावरा प्रभारी निरीक्षक गोपाल सिंह कनासिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई. तकनीकी निगरानी और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के छजलेट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गोपालपुर से दो आरोपियों 32 वर्षीय फईम पिता हनीफ और 35 वर्षीय जाकिर पिता शाबिर को गिरफ्तार किया. पुलिस ने दोनों के पास से सोने की हाय, अंगूठी, मोती, चांदी की करधोनी, पायल, बिछिया और 4,000 नगद सहित 56,000 मूल्य की चोरी की सामग्री बरामद की. पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातों को कबूला है.

### ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

आरोपी आमतौर पर रात की ट्रेनों में जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को निशाना बनाते थे. खुद को यात्री बताकर वे ऊपरी सीट पर बैठे रहते, बैगों की रेकी करते और यात्रियों के सो जाने के बाद धारदार औजार से बैग काटकर कीमती सामान पार कर लेते. स्टेशन आते ही वे ट्रेन से उतरकर भाग जाते थे.

## बहनों के नाम पर पहले से खुले थे फर्जी अकाउंट

- बैंक पहुंची तो हुआ मामले का खुलासा
- ब्लैक मनी के ट्रांजेक्शन में इस्तेमाल की आशंका

नव भारत न्यूज

**इंदौर. विजय नगर स्थित एक निजी बैंक में खाता खुलवाने पहुंचीं दो बहनों के होश उस समय उड़ गए जब उन्हें पता चला कि उनके नाम से पहले से ही फर्जी बैंक खाते खोले जा चुके हैं और उन खातों से लाखों रुपये के संदेहास्पद लेन-देन हो चुके हैं. इस मामले में हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.**

फरियादी प्रतिष्ठा शर्मा पिता गणेश शर्मा, निवासी वीणा नगर ने पुलिस को बताया कि वह 8 जुलाई को अपनी बहन निष्ठा शर्मा के साथ कोटक महिंद्रा बैंक की विजयनगर ब्रांच में सैलेरी अकाउंट खुलवाने गई थीं. जब दोनों ने प्रक्रिया शुरू कराई तो बैंक अधिकारियों ने बताया कि दोनों के नाम से पहले से ही खाते खुले हुए हैं और उनमें कई वित्तीय लेन-देन भी दर्ज हैं. जांच में सामने आया कि इन खातों का उपयोग अवैध ट्रांजेक्शनों के लिए किया जा रहा था, जिनमें लाखों रुपए की रकम इधर-उधर की गई है. युवतियों का आरोप है कि उनके नाम और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर कोई अज्ञात व्यक्ति इन खातों का संचालन कर रहा था. हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा का कहना है कि पुलिस ने प्रतिष्ठा शर्मा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि फर्जी खातों को खोलने में किसी बैंक कर्मी की मिलीभगत हो सकती है. पुलिस अब संबंधित बैंक से खातों की पूरी जानकारी और दस्तावेज मांग रही है. साथ ही सीसीटीवी फुटेज और केवाईसी दस्तावेजों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि किसने और कैसे युवतियों की पहचान का दुरुपयोग किया. माना जा रहा है कि यह मामला एक संगठित साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है और जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है.

## लेथ मशीन ऑपरेटर ने एसिड पीकर की आत्महत्या

इंदौर. आलोक नगर इलाके में रहने वाले एक लेथ मशीन ऑपरेटर ने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली. घटना के दो दिन बाद उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई. आत्मघाती कदम के पीछे क्या कारण थे, इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है.

पुलिस के मुताबिक मृतक ने दो दिन पहले एसिड का सेवन कर लिया था. हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन हालत गंभीर बनी रही और देर रात उसकी मौत हो गई. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, मामले में थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के पीछे मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या आर्थिक परेशानी जैसे कारणों की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है. पुलिस परिजनों और परिचितों के बयान लेकर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है.

## सीए का छात्र निकला ड्रग्स सप्लायर

- स्कूल-कॉलेजों में करता था नशे की सप्लाई
- चार किलो से ज्यादा गांजे के साथ गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. विजयनगर थाना पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो सीए की पढ़ाई के साथ-साथ गांजा बेचने का धंधा भी कर रहा था. आरोपी स्कूल और कॉलेज के छात्रों को नशे का सामान सप्लाई करता था. पुलिस ने उसके पास से 3.25 किलो गांजा जब्त किया है.**

विजयनगर थाना क्षेत्र में मैरियट होटल के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सर्विस रोड पर एक संदिग्ध युवक बैग लेकर खड़ा है, जिसके पास नशीला पदार्थ हो सकता है. इस पर सहायक उप निरीक्षक अमित पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा. पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे धर दबोचा. पूछताछ में उसने अपना नाम आयुष उर्फ राजा पिता राकेश शिवहरे उम्र 20 वर्ष, निवासी चौबे कॉलोनी छतरपुर, हाल निवासी सिलिकॉन सिटी, इंदौर बताया. उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 3 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी बाजार कीमत लाखों में बताई जा रही है. आरोपी ने बताया कि वह सीए की पढ़ाई कर रहा है और नशे की यह खेप स्कूल और कॉलेज के छात्रों को बेचने के लिए ला रहा था. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी इस नेटवर्क से कब से जुड़ा था और उसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो नहीं है. आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य संभावित साथियों की तलाश की जा रही है.



## चोइथराम मंडी में ठेले के विवाद में हुआ खूनखराबा

- सब्जी विक्रेता की पीट पीटकर हत्या,
- मृतक का आपराधिक रिकॉर्ड भी आया सामने

नव भारत न्यूज

इंदौर. चोइथराम मंडी में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सब्जी बैचने वाले की डंडे और रॉड से बेरहमी से पीट दिया. हमलावर मंडी के अंदर ही उसे घेरकर टूट पड़े और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए. घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं.

मृतक की पहचान विष्णु उर्फ चंपू पंवार निवासी गड़बड़ी पुलिया के रूप में हुई है, जो मंडी में सब्जी बेचने के साथ-साथ हम्माली का भी काम करता था. चश्मदीदों पुलिस को बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे चार युवकों ने उससे विवाद किया और मारपीट करते हुए भाग निकले. विष्णु को घायल हालत में सबसे पहले अस्पताल लेकर पहुंचे और परिजनो ने पुलिस को जानकारी दी. परिजनों ने भी घटना को जान-पहचान में रंजिश से जुड़ा बताया है. विष्णु के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटे की किसी से पुरानी अनबन नहीं थी, लेकिन मंडी में काम करने वाले कुछ लड़कों से उसका किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था. वह रोजाना की तरह सुबह मंडी आया था और शाम को उसकी लाश मिली. वहीं थाना प्रभारी निरज बिरथरे का कहना है कि चंपू का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और वह पूर्व में जिला बदर भी रह चुका है. घटना से ठीक पहले वह एक फल विक्रेता से झगड़ रहा था और आसपास के अन्य दुकानदारों से भी उसकी कहासुनी हुई थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ठेले के स्थान को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद हमला हुआ.

**परेशानी** | मामला रिंग रोड पर न्यू इंदिरा एकता नगर क्षेत्र का

## सर्विस रोड पर चैंबर टूटने से हुआ गड्ढा, लोग हो रहे परेशान



**इंदौर. शहर के विकास के लिए जितने काम दिखाए जाते हैं या किए जाते हैं जनता उनकी सराहना करती है. लेकिन जो विकास कार्य पूर्व में किए हैं उसके रखरखाव पर बड़ी लापरवाही की जाती है. जिससे पैसों की बर्बादी तो होती ही है. साथ ही लोगों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है.**

यहां नई बात नहीं है कि पुराने कार्यों को भूलकर अपनी तारीफ बटोरने के चक्कर में नगर निगम नए कार्य पर ध्यान देती है. वर्षों पहले शहर में रिंग रोड बनाया गया था लेकिन इस रिंग रोड के सर्विस रोड की हालत जर्जर है. जब रिंग रोड का निर्माण किया गया था तो उसे कुछ वर्षों तक उसका चकाचक रखरखाव किया गया. समय बित गया और नगर निगम के आला अधिकारियों ने उस पर ध्यान देना बंद कर दिया. आज रिंग रोड के सर्विस रोड पर कहीं गड्ढे होते हैं तो कहीं पानी भरा रहता है तो कहीं चैंबर टूटे पड़े रहते हैं. इस मार्ग से जितनी भी कालोनियां या बस्ती जुड़ी है वहां के रहवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई है. इसी तरह से एक नज़ारा वार्ड क्रमांक 54 के न्यू इंदिरा एकता नगर में भी देखा गया है. जहां बीच सड़क पर चैंबर टूटा है और मिट्टी का ढेर लगा हुआ है और कहीं-कहीं गहरे गड्ढे भी मौजूद हैं.

### इनका कहना है...




एक क्षेत्र की बात नहीं है पूरा रिंग रोड घूम लीजिए, आपको सर्विस रोड की हालत जर्जर ही दिखाई देगी. सर्विस रोड का उपयोग बस्ती या कॉलोनी वाले करते जो मुसीबत का सामना करते हैं.

**- पवन सेन**



सड़क के बीचो-बीच चैंबर टूट चुका है और पास ही मिट्टी का बड़ा ढेर लगा हैं. कोई ज़िम्मेदार ध्यान नहीं देता. आते-जाते गिरते-पड़ते चोट खाते हैं. ऐसे में कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है.

**- राजेश निहाले**



सर्विस रोड जर्जर होने के अलावा बरसात में पानी भर जाता है जिसकी निकासी नहीं होती. उस समय यह गड्ढे लोगों के लिए और मुसीबत बढ़ा देते हैं. नगर निगम को इस पर ध्यान देना चाहिए.

**- पवन नायक**



**भारी वाहनों से टूटे**- भारी वाहन के निकलने से चैंबर टूटे हैं. मैंने वहां जाकर उसे देख लिया है. अभी लेबर नहीं थी. संभवत: कल या परसों तक चेंबर को सुधारकर वहां से मिट्टी हटा दी जाएगी.

**- महेश बसवाल, पार्षद**